हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 17 मई 2025


तापमान

अधिकतम 40.0 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री


10 राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर साफ-सफाई के साथ ...



11 नगर के बाजार क्षेत्र में चला सफाई अभियान






## खबर संक्षेप

### भाजपा की तिरंगा यात्रा आज



**बलौदाबाजार।** भाजपा जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी ने बताया कि 17 मई को शाम 4 बजे स्थानीय गार्डन चौक से अम्बेडकर चौक बलौदाबाजार तक तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। उक्त यात्रा आपरेशन सिंदूर की सफलता के तारतम्य में आयोजित है। जिला प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव, डॉ. सनम जांगड़े, लक्ष्मी बघेल, प्रमोद शर्मा सहित क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधि गण, विभिन्न सामाजिक पदाधिकारी, समाज सेवी संगठन के पदाधिकारी सहित प्रबुद्ध जनों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रहेगी।

### हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के छह घरों के ताले टूटे

**महासमुंद।** सरायपाली थाना अंतर्गत बीती रात अज्ञात चोरों ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के 4 और सरकारी अस्पताल के पीछे 2 घरों का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिन घरों के ताले टूटे हैं, उनमें पटवारी, आरक्षक, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के घर शामिल हैं। सूचना पर पुलिस और डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची और जांच कर रही है। चोरी की इस घटना में कितना नगद, आभूषण और अन्य सामान की चोरी हुई है इसकी जांच में जुटी है।

### पिथौरा में दो लोगों से अंग्रेजी शराब जब्त

**महासमुंद।** पिथौरा पुलिस ने अलग-अलग मामलों में दो लोगों के कब्जे से अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने 15 मई को आरोपी मनीष धरडे पिता स्व. जागेश्वर धरडे (44 साल) रानीसागर पारा पिथौरा थाना पिथौरा के कब्जे से यूनिक लिखा हुआ 07 नग देशी शराब, 5 नग अंग्रेजी जम्मू शराब, 03 नग हंटर बीयर कुल कीमत 1,760/ रुपए को जब्त किया है। इसी तरह आरोपी मूलचंद सिन्हा पिता फूलसिंह सिन्हा (48 वर्ष) वार्ड नं 10 महल पारा पिथौरा के कब्जे से 18 नग देशी शराब कीमत 1440 रुपए को जब्त कर धारा 34(1) ए आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया।

# स्टालों से कई अधिकारी नदारद, कलेक्टर की फटकार को जिम्मदारों ने किया दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

कलेक्टर के फटकार के बाद भी सुशासन तिहार से नदारद रहे कई विभाग के स्टाल व अधिकारी। शिविर स्थल में पुनः अव्यवस्था का आलम देखा गया।

कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा प्रकाशित समाचार को संज्ञान में लेकर शिविर में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को फटकार लगाने के बाद भी गुरूवार को आयोजित शिविर से लगभग सात विभाग के स्टाल एवं प्रमुख सुशासन तिहार के शिविर से नदारद रहे।

नगर पालिका परिषद सिमगा में सुशासन तिहार के तहत विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए गुरुवार 15 मई को समाधान शिविर का आयोजन थाना के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में किया गया था। शिविर स्थल से कंकालिन पारा एवं इमामबाड़ा वार्ड की दूरी अधिक होने के कारण वार्डवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। शिविर में निराकृत आंकड़ों पर गौर किया जाए तो विभागीय उदासीनता एवं प्रचार प्रसार में कमी के चलते नगर की जनसंख्या के अनुपात में अपेक्षाकृत काफी कम संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। समाधान शिविर में बांस से टोकरी, सुपा एवं अन्य सामग्री निर्माण करने वाले अनुसूचित जनजाति के कंडरा समुदाय के लोगों में वन विभाग की अनुपस्थिति पर काफी आक्रोश देखा गया। वे शिविर से खाली हाथ वापस

▶▶ शेष पेज 11 पर

## समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ, बैरंग लौटे लोग



### कुर्सी की भी व्यवस्था नहीं थी

इस शिविर में एक बार फिर अव्यवस्था का आलम रहा। शिविर स्थल में भीषण गर्मी में कूलर, पंखा का अभाव तो था ही आम नागरिकों के लिए पीने के पानी के साथ ही पर्याप्त कुर्सी की भी व्यवस्था नहीं थी। शिविर स्थल में निरीक्षण के दौरान एसडीएम अंशुल वर्मा द्वारा सुशासन तिहार के प्रति उदासीनता बरतने वाले कुछ जिम्मेदार विभाग प्रमुखों से नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्हें जमकर फटकार लगाते हुए कहा कि वे शिविर के प्रति लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेंगे। वहीं पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया ने शिविर में लगे स्टाल और विभाग प्रमुखों के नदारद रहने पर तहसीलदार के समक्ष गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। इनमें आबकारी विभाग, परिवहन विभाग, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, वन विभाग, क्रेडा विभाग, सिंचाई विभाग की अनुपस्थिति रही।

## निरीक्षण : स्वास्थ्य मंत्री ने मनोविकास केंद्र का किया निरीक्षण

# मनोविकास केंद्र में बच्चों के इलाज और शिक्षा व्यवस्था में होगा इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शुक्रवार को जिला प्रवास के दौरान नवीन क़ृषि उपज मण्डी परिसर स्थित मनोविकास केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया और सुविधाओं का जायजा लेकर अधिकारियों से जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के बेहतर इलाज के लिए सप्ताह में दो दिन चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने तथा संगीत शिक्षक सहित स्पेशल एजुकेशन के लिए शिक्षकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जांजगीर-चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल भी साथ थे। स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्र के एजुकेशन क़क्ष, फिजियोथेरेपी क़क्ष, स्पीचथेरेपी क़क्ष का अवलोकन किया एवं वहां भर्ती बच्चों एवं उनके अभिभावकों से मुलाक़ात की। उन्होंने बच्चों क़ो चॉकलेट वितरित किया और उनके साथ कैरम खेलकर मनोबल बढाया। बच्चों के अभिभावकों से केंद्र में मिल रही सुविधाओं से बच्चे की स्थिति में सुधार की जानकारी ली। अभिभावकों ने बताया कि कम समय में ही बेहतर परिणाम नजर आ रहा है। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने केंद्र में भर्ती

▶▶ शेष पेज 11 पर

## स्वास्थ्य केंद्र में जल्द मिलेगी सोनोग्राफी मशीन व विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा

**बलौदाबाजार ।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के ओपीडी एवं आईपीड़ी सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन व विशेषज्ञ चिकित्सकों की व्यवस्था हेतु सीएमएचओ क़ो प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु डीजी सेट एवं महिला एवं पुरुष वार्ड में एसी लगाने के भी निर्देश दिये।स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल के निरीक्षण के दौरान दवा वितरण क़क्ष, महिला वार्ड पुरुष वार्ड एवं प्रसूति क़क्ष में भर्ती मरीजों से मिलकर उनकी हाल-चाल जाना। उन्होंने मरीजों से भोजन व अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं के सबंध में पूछताछ की। उन्होंने अस्पताल में मौजूद चिकत्साकों व स्टॉफ से सेवा भाव व पूर्ण समर्पण के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल परिसर व कक्षों में साफ सफाई, स्वच्छता, शुद्ध पेयजल पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिये। बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लवन वर्तमान में 30 बेड के साथ संचालित है। यहां ओपीडी में प्रतिदिन लगभग 80 की संख्या में पंजीयन होता है।इस दौरान जांजगीर- चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुश्री इंदु जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े एवं प्रमोद शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।







# मालवाहकों में सवारी ढोने पर होगी सख्त कार्रवाई





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं समुचित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने जिला पुलिस द्वारा मालवाहक वाहनों में अवैध रूप से सवारी ढोने पर रोक लगाने ठोस पहल की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार के सभा कक्ष में मालवाहक वाहनों के मालिकों एवं चालकों की बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्हें मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों से अवगत कराते हुए सख्त हिदायत दी गई कि मालवाहक वाहनों का उपयोग किसी भी स्थिति में पब्लिक परिवहन के रूप में न किया जाए।

- मालवाहक के मालिकों एवं चालकों की पुलिस अधीक्षक ने ली बैठक

बैठक की अध्यक्षता कर रहे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने कहा कि मालवाहक वाहनों का सवारी गाड़ी के रूप में प्रयोग सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है, जिससे न केवल वाहन चालक बल्कि आम नागरिकों की जान जोखिम में पड़ती है। उन्होंने अपील की कि चालकगण स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ समाज की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमसागर सिदार ने यातायात नियमों की अनदेखी पर की जाने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी देते हुए बताया कि शराब पीकर वाहन चलाना, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन संचालन तथा मालवाहकों में सवारी बैठाना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है, जिस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस विभाग द्वारा प्रत्येक गांव एवं कस्बे में संचालित मालवाहक वाहनों की सूची तैयार की जा रही है, ताकि समय-समय पर निगरानी रखी जा सके। आगामी विवाह सीजन के मद्देनज़र पुलिस विभाग विशेष रूप से सतर्क है, क्योंकि इस अवधि में अवैध रूप से मालवाहक वाहनों का सवारी परिवहन में उपयोग अधिक होता है।

बैठक के अंत में सभी उपस्थित मालिकों एवं चालकों से इस बात की लिखित सहमति ली गई कि वे अपने मालवाहक वाहनों का उपयोग सवारी ढोने के लिए नहीं करेंगे। साथ ही भविष्य में जिले के सभी थाना एवं चौकी स्तर पर इस प्रकार की बैठकें आयोजित कर सतत जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।जिला पुलिस का यह कदम न केवल यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाएगा, बल्कि सड़क सुरक्षा को भी एक नई दिशा देगा।

# ज्वेलरी दुकान में चोरी, आरोपी महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शहर के गांधी मंदिर वार्ड में संचालित विकास ज्वेलर्स से चांदी के आभूषण चोरी करने वाली एक महिला को छह घंटे में गिरफ्तार कर पुलिस ने उल्लेखनीय कार्य किया है। थाना सिटी कोतवाली की टीम ने दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपिया की पहचान कर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे हिरासत में लिया।



जानकारी के अनुसार 14 मई को प्रार्थी विकास सराफ ने थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि विकास ज्वेलर्स में ग्राहक बनकर आने वाली एक महिला द्वारा 3, 7, 11 एवं 14 मई के मध्य दुकान से लगभग 75,000 मूल्य की चांदी के जेवर—दो जोड़ी पायल एवं दो जोड़ी बिछिया चोरी कर ली हैं।

- पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई की 6 घंटे में गिरफ्तार

रिपोर्ट के आधार पर थाना सिटी कोतवाली धारा 305 बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। जांच के दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की गई, जिससे संदिग्ध महिला की पहचान आशा लुनिया 35 वर्ष निवासी ग्राम घुटकू, थाना कोनी, जिला बिलासपुर के रूप में हुई।पुलिस ने केवल छह घंटे के भीतर आशा लुनिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने चोरी की वारदात स्वीकार की।

आरोपिया के पास से चोरी गए चांदी के दो जोड़ी पायल और दो जोड़ी बिछिया बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस द्वारा आरोपिया को विधिवत गिरफ्तार कर 15 मई को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा है।




## खबर संक्षेप




### शाह को बर्खास्त कर देशद्रोह का प्रकरण दर्ज करें

**रायपुर।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधो राम वर्मा ने मांग की है मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह पर राष्ट्रद्रोह का प्रकरण दायर कर मंत्री पद से बर्खास्त करें। शाह ने कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादी की बहन बताकर पूरे सैनिकों और राष्ट्र का अपमान किया है। भाजपा का असली चेहरा इससे उजागर हुआ है। जिला कांग्रेस रायपुर के तिल्दा ब्लॉक में कांग्रेसजनों द्वारा विजय शाह का पुतला फूंका गया। वहीं तिल्दा थाना में उनके खिलाफ एफआई आर दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस दौरान संचार विभाग के पूर्व चेयरमैन शैलेश नितिन त्रिवेदी, ब्लॉक अध्यक्ष देवदास टंडन, लक्ष्मीनारायण वर्मा, नेता प्रतिपक्ष सोनू मार्कण्डेय, मोती हिंदुजा, सुनील सोनी, आशा यादव, अजितेश शर्मा, प्रकाश मेघानी, विजय हीरामणि, किट्टू नीरज राठी, गजानंद वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### मंत्री शाह का बयान आपत्तिजनक, सोफिया देश की बेटी, देश का गौरव

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के मुख्य प्रवक्ता एवं अधिवक्ता भगवानू नायक ने मध्यप्रदेश के जनजातीय मंत्री विजय शाह द्वारा देश की वीरांगना बेटी कर्नल सोफ़िया कुरैशी के खिलाफ की गई अपमानजनक एवं धार्मिक रंग से युक्त टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा, कर्नल सोफ़िया ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व करते हुए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया। वह न केवल देश की बेटी, बल्कि देश की गौरव हैं। मंत्री शाह का बयान संविधान की शपथ के विपरीत है। उन्होंने कहा जिस मंत्री ने संविधान की रक्षा की शपथ ली है, वही यदि महिला अधिकारियों का अपमान करे, तो यह पद के अनुरूप नहीं है। उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश ने इस मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है, जो न्यायपालिका की सजगता का उदाहरण है। उन्होंने कहा, कर्नल सोफ़िया का साहस और समर्पण भारत माता की सेवा में एक स्वर्णिम अध्याय है।

### मेरा बाजार, स्वच्छ बाजार अभियान

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर द्वारा गुरूवार से राजधानी में 5 दिवसीय स्वच्छता जागरूकता अभियान मेरा बाजार, स्वच्छ बाजार अभियान की शुरूआत की गयी। महापौर मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री सुनील चंद्राकर के निर्देश परस्वच्छ भारत मिशन शाखा ने यह अभियान चलाया। जोन-3 के काली माता वार्ड स्थित हाट बाजार में इस मौके पर विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की गईं। व्यापारियों को गंदगी ना फैलाने और प्लास्टिक उपयोग पर स्पॉट फाइन कार्यवाही की जानकारी दी गई। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री बाजार के लिए पोस्टर लगाए गए। स्थानीय व्यापारियों और आमजनता को कपड़े के थैले उपयोग में लाने के लिए जागरूक किया गया। पहल महिला स्वसहायता समूह के झोला-बैंक में महिलाओं द्वारा बनाए गए कपड़े के थैले जनता को वितरित किए गए।

### आयुष्मान कार्ड बनाने वार्डों में शिविर

**रायपुर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा नगर निगम के 70 वार्डों में नागरिको की सुविधा के लिये आयुष्मान कार्ड और आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वार्ड पार्षदों के नेतृत्व में लगाये गये शिविर में महापौर मीनल चौबे, आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनवाने पर 70 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के नागरिको को 5 लाख रुपये तक निःशुल्क उपचार शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के सभी नागरिको का आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया जा रहा है। आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाने के लिये राशन कार्ड अनिवार्य नहीं है केवल आधार कार्ड ले जाकर पंजीयन कराकर इस सुविधा का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

# रेरा में नई योजनाओं के पंजीयन की रफ्तार धीमी, अब तक सिर्फ 63 योजनाओं का ही पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रियल एस्टेट में अभी मंदी का दौर चल रहा है। इस साल नई योजनाओं की रफ्तार काफी धीमी है। साढ़े चार माह में महज 63 नई योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ है। जनवरी और फरवरी में जहां 11-11 नई योजनाएं आई हैं, वहीं मार्च में 14, अप्रैल में सबसे ज्यादा 21 और मई में छह नई योजनाओं का पंजीयन हो चुका है। बीते साल 161 योजनाओं का पंजीयन हुआ था। 2023 में सबसे ज्यादा मंदी रही है, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। इधर जो नई योजनाएं आ रही हैं, उनमें देखने वाली बात यह है कि ज्यादातर योजनाओं में जो घर बन रहे हैं, उनमें महंगे घरों पर ज्यादा फोकस है। पूरे देश में उच्च वर्ग की खरीदारी में इजाफा हुआ है। इसी के साथ गरीब तबका भी खरीदारी के मामले में आगे है। मध्य वर्ग की खरीदारी कम हुई है। अब यह वर्ग सोच समझकर ही खर्च कर रहा है। सबसे ज्यादा पैसे खर्च करने वाला उच्च वर्ग ही है। यही वजह है कि अब रियल एस्टेट में भी इसी वर्ग को ध्यान में रखकर ज्यादातर घर बन रहे हैं। 2021 में कोरोना के बाद रियल एस्टेट में त्योहारी सीजन में बहुत घर बिके। करीब छह सौ करोड़ का कारोबार हुआ है। इस कारोबार की रफ्तार ने पहले ही अहसास करा दिया था कि आने वाला साल रियल एस्टेट के लिए बड़ा अच्छा साल होने वाला है। यह 2022 में देखने को भी मिला। इस साल बड़ा कारोबार हुआ। साल भर में हजार करोड़ से ज्यादा के मकान बिके।

## पहली बार 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 नई योजनाओं का हुआ था पंजीयन




**2022 में बना रिकॉर्ड**

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल 273 नई योजनाएं आईं। इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई साल भर में महज 137 योजनाओं आईं। बीते साल योजनाओं की रफ्तार में कुछ इजाफा हुआ और साल भर में 161 नई योजनाएं आईं।

### समाधान शिविर में शामिल हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल

# तृतीय चरण के सुशासन तिहार में शत-प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय इतवारी राम बहुउद्देशीय हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा की अध्यक्षता में सुशासन तिहार – समाधान शिविर के तृतीय चरण का आयोजन किया गया।समाधान शिविर के माध्यम से आमजन की विभिन्न समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया। संबंधित विभागों को शेष लंबित प्रकरणों का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए गए। शिविर में हितग्राहियों को राशन कार्ड सहित विभिन्न आवश्यक सेवाओं का वितरण किया गया, जिससे योजनाओं की प्रभावशीलता को जमीनी स्तर पर साकार किया जा सका। सांसद बृजमोहन अग्रवाल द्वारा संत कंवर राम वार्ड पार्षद गोविंद पटेल की मांग में संत कंवर वार्ड में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु सांसद निधि से 5 लाख की घोषणा की तथा इतवारी राम बहुउदशीय हायर सेकेंडरी विद्यालय के जीर्णोद्वार के लिए 10 लाख की घोषणा की।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, सतीश तलरेजा, भाजपा जिला महामंत्री राकेश तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत सहित समस्त पार्षदगण उपस्थित रहे।

#### भाजपा की सरकार जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है : बृजमोहन

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा सुशासन तिहार' जैसे शिविरों के माध्यम से शासन को जनता के द्वार तक पहुंचाना ही हमारा उद्देश्य है। भाटापारा की जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना हमारी जिम्मेदारी है, और हम हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने प्रतिबद्ध हैं।

#### जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित हो रहा

समाधान शिविरों से जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है। समस्याओं का त्वरित समाधान केवल सुशासन की ही नहीं, बल्कि जनविश्वास की भी आधारशिला है। हमारी सरकार जनहित में पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है।

#### जनसुविधाओं के लिए ऐसे शिविर जरूरी

नगर के विकास और जनसुविधाओं के विस्तार के लिए ऐसे शिविर अत्यंत आवश्यक हैं। समाधान शिविर के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को त्वरित राहत मिली है और हम सुनिश्चित करेंगे कि लंबित प्रकरणों का भी शीघ्र निराकरण हो।



## राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर साफ-सफाई के साथ बचाव का दिया सन्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

इस वर्ष भी 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस जिले में मनाया गया। इस वर्ष की थीम है-डेंगू कोहराने के लिए चेक, क्लीन, कवर स्टेप। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार जिले में डेंगू रोग के रोकथाम हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में किया गया। इसके अंतर्गत मितानिनों द्वारा घर-घर जा कर लोगों को कूलर, गमले की सफाई हेतु कहा गया। उन्हें डेंगू रोग के लक्षणों के बारे में बताते हुए इससे बचने हेतु मच्छरों को न पनपने देने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर जागरूकता रैली भी निकाली गई। नोडल अधिकारी डॉ. अभिजीत बैनर्जी ने बताया कि डेंगू एक वायरल रोग है जो जिसका वाहक मादा एडीज मच्छर होता है। बहुत तेज़ बुखार आना, जोड़ों और मांस पेशियों में दर्द, कमज़ोरी, थकान होना ,त्वचा पर लाल चकत्ते होना गंभीर मामलों में रक्तस्राव होना ये कुछ डेंगू के लक्षण हैं। रक्त की जांच से डेंगू का पता लगाया जाता है। डेंगू पाए जाने पर अस्पताल में डॉक्टर की देख रेख में उपचार लिया जाना उचित होता है। मरीज को आराम करने की सलाह दी जाती है तथा अन्य आवश्यक दवाइयों का सेवन किया जाना चाहिए। लापरवाही होने पर जान का खतरा रहता है, क्योंकि यह एडीज मच्छर का लार्वा रुके हुए पानी में विकसित होता है, इसलिए बेहतर होगा डेंगू से बचाव के लिए मच्छरों को ही न पनपने दिया जाए। इस बाबत सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

- घर-घर जा कर लोगों को कूलर, गमले की सफाई की अपील की

## करो योग रहो निरोग नारे के साथ निकाली जागरूकता रैली




हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

विकास खंड पलारी के आयुर्वेद ग्राम देवसुंद्रा में शासकीय आयुर्वेद औषधालय आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तत्वावधान में योग जागरूकता रैली निकाली गई। योग प्रशिक्षक चतुर साहू द्वारा प्रतिदिन गांव के विभिन्न चौक चौराहों पर लोगों को योग सिखाया जाता है और योग के लाभ बताए जाते हैं। डॉ. कोमल वैष्णव ने बताया कि कोरोनाकाल के बाद से लोगों में योग के प्रति उत्साह में वृद्धि देखने को मिली है निरोग रहने के लिए योग अत्यावश्यक है। प्रशिक्षक चतुर साहू ने प्रातः जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को अधिकाधिक संख्या में योग कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया है। इस कार्यक्रम में डॉ. उत्तरा खंडेलवाल, राजकुमार आजाद, गेमीन साहू, विमला वर्मा, ईशु साहू, प्रियंका साहू, कुसुमलता साहू, सुनीता साहू, बुगली साहू, रेशमी साहू, चुनिया साहू, खुशी साहू, लिकेश साहू, सरपंच अभीराम साहू, उपसरपंच वरूण वर्मा, डॉ कोमल वैष्णव एवं ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहता है।

## बायो-सीएनजी संयंत्रों को भूमि आबंटन करने कलेक्टरों को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**सार्वजनिक उपक्रमों, तेल और गैस विपणन कंपनियों को रियायती दर पर दी जाएगी जमीन**

राज्य शासन ने जैव अपशिष्ट और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए नगरीय निकायों में स्थापित किये जाने वाले बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए भूमि आबंटन के लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को परिपत्र जारी किया है।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी परिपत्र में कैबिनेट के निर्णय के परिपालन में राज्य के सभी नगरीय निकायों में जैव अपशिष्ट-सह-कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए रियायती लीज दरों पर शासकीय भूमि का आबंटन किया जाना है। बायो-सीएनजी संयंत्रों की स्थापना के लिए आवश्यक कार्यवाही के लिए नगरीय प्रशासन विभाग और संबंधित नगरीय निकाय को अधिकृत किया गया है। राज्य शासन ने नगरीय निकायों में जैव और कृषि अपशिष्ट के प्रसंस्करण के लिए स्थापित किये जा रहे बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को बायो-सीएनजी संयंत्रों के लिए अधिकतम दस एकड़ शासकीय भूमि का आबंटन रियायती लीज दर एक रुपए प्रति वर्गमीटर से करने के लिए कलेक्टरों को निर्देशित किया है।

#### 25 वर्षों की लीज पर भूमि देने करें कार्यवाही

विभाग ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों एवं शासकीय तेल और गैस विपणन कंपनियों को अधिकतम 25 वर्षों की लीज पर भूमि आबंटित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

## मातृशक्ति, दुर्गावाहिनी और बजरंग दल की बैठक में नये दायित्वों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा बाजार

विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी एवं बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक स्थानीय षष्ठी मंदिर में हुई। बैठक में संगठनात्मक विस्तार और कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर प्रांत उपाध्यक्ष प्रेमलता बिसेन एवं प्रांत दुर्गा वाहिनी सह प्रमुख भारती सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक में रानी भट्ट को जिला सत्संग प्रमुख के नवीन दायित्व की घोषणा की गई, जिसे सभी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

कार्यक्रम में जिला संयोजिका आरती सराफ, जिला सह संयोजिका लता सोनी, शांति साहू, संगीता साहू, नंदा पटेल, लता वर्मा, परमेश्वरी पटेल, आकांक्षा वर्मा, ममता वर्मा, दामिनी यादव एवं राधा ध्रुव सहित मातृशक्ति की अनेक सक्रिय सदस्याएं उपस्थित थीं। इसके अतिरिक्त, विश्व हिंदू परिषद के जिला समरसता प्रमुख निशांत श्रीवास्तव एवं आभास शर्मा सहित नगर से बड़ी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ता भी बैठक में शामिल हुए। बैठक का समापन सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में संगठन की एकजुटता, अनुशासन और समर्पण की झलक स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

### छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए है फायदे की खेती, सभी जलवायु क्षेत्र में रहता है जीवित

**इसे सिंचित व असिंचित क्षेत्रों में भी लगाया जा सकता है**

# वेटिवर फार्मिंग टेक्नोलॉजी पर कार्यशाला, इसकी जड़ से निकलता है तेल, कीमत 15 से 20 हजार रुपए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड द्वारा गुरुवार को बोर्ड कार्यालय के सभाकक्ष में एक दिवसीय वेटिवर फार्मिंग टेक्नोलॉजी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम की अध्यक्षता में बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेएसीएस शामिल हुए। कार्यशाला में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनूप कालरा, रिटायर्ड साइंटिस्ट, सी-मैप लखनऊ व डॉ. वी. सुन्देशरन, साइंटिस्ट, सी-मैप, बेंगलुरु ने इसके कृषिकरण व इकोनॉमिक लाभ के बारे में विस्तृत व महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। खास बात ये है कि इस पौधे की जड़ों से तेल निकला जाता है। बाजार में इसकी कीमत 15 से 20 हजार रुपए लीटर होती है। इसकी खेती छत्तीसगढ़ की जलवायु और यहां के किसानों के लिए काफी अनुकूल है।



#### तेल की कीमत 15 से 20 हजार रुपए लीटर

*डॉ. वी. सुन्देशरन, साइंटिस्ट, सी-मैप, बेंगलुरु ने अपने प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि वेटिवर की जड़ बारीक संरचना वाली होने के कारण बहुत मजबूत होती है। यह पहले वर्ष 1 से 4 मीटर गहराई तक बढ़ सकती है। वेटिवर न तो स्टोलन होते है ना ही प्रकंद। इन विशेषताओं के कारण वेटिवर पौधा अत्यधिक सूखा को भी सहन कर सकता है, जो भू-जल संरचना को बनाएं रखने में सहयोग करता है। वेटिवर की तेल में मुख्य रूप से वेटिवेरोल तत्व पाया जाता है। सूखा जड़ का आश्वन के लिए 48 से 78 घंटे लगते हैं। वर्तमान समय में वेटिवर तेल का मूल्य 15 से 20 हजार रुपए प्रति लीटर है।*

#### क्या है वेटिवर प्लांट

डॉ. अनूप कालरा, रिटायर्ड साइंटिस्ट, सी-मैप लखनऊ द्वारा अपने प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि वेटिवर एक ऐसा प्लांट है, जो सभी जलवायु क्षेत्र में जीवित रहता है तथा वेटिवर में भूजल पुनर्भरण की अद्भुत क्षमता होती है साथ ही वर्षा जल के साथ मिट्टी को पकड़ कर रखती है, जिससे मिट्टी की पोषक तत्व का बहाव कम होता है। परंपरागत रूप से खस घास का उपयोग खेतों व नदी के किनारे किया जाता था लेकिन अब कटाव नियंत्रण की प्राकृतिक विधि के रूप में इसके लाभ पर और अधिक ध्यान दिया जा रहा है। यह घास सूखा प्रतिरोधी, कीट प्रतिरोधी व जल प्रतिरोधी भी है, जो जलवायु परिवर्तन से होने वाले हानि को कम करने में अपनी भूमिका निभाता है। वेटिवर की वर्तमान समय में बहुत से ऐसी किस्में तैयार की गई है, जिससे 10-12 माह में फसल तैयार किया जा रहा है। वेटिवर की 01 एकड़ में 1.5 टन सूखा जड़ प्राप्त होता है। सूखे जड़ के 100 कि.ग्रा. जड़ से 1.5 कि.ग्रा. तेल प्राप्त होता है।

#### किसानों को इससे होगा बड़ा फायदा- राव

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के सीईओ जेएसीएस राव ने कार्यशाल में बताया कि इस खेती से छत्तीसगढ़ के किसानों के किस तरह फायदा होगा। छत्तीसगढ़ राज्य में वेटिवर रोपण से स्थानीय किसान व ग्रामीण क्षेत्रों के समुदायों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा, क्योंकि इनका रोपण अत्यधिक सरल होने के साथ-साथ इनके जड़ों से प्राप्त होने वाला तेल की बाजार मांग व मूल्य अत्यधिक है। पौधा अत्यधिक ही सहनशील होने के कारण यह कम पानी वाले क्षेत्रों में भी आसानी से उग सकता है। इसे सिंचित व असिंचित क्षेत्रों में भी लगाया जा सकता है। इसका सिंथेटिक मोलिक्यूल नहीं होता इसी कारण इसके तेल का उपयोग प्राकृतिक रूप से ही किया जाता है तथा इसलिए इसकी खेती जरूरी है। यह खेती अत्यंत ही सरल व कम देखभाल वाली होती है, इसमें किसी भी प्रकार के उर्वरक एवं खाद की आवश्यकता नहीं होती है। वेटिवर तेल की बाजार मांग एवं मूल्य अधिक है। वेटिवर की अगरबत्ती व ईत्र तथा उद्योगों में मांग अधिक है। औद्योगिक उपयोग में इसके तेल को खस तेल के नाम से जाना जाता है जिसका उपयोग साबुन, औषधि निर्माण व सौंदर्य प्रसाधनों एवं एरोमा उद्योगों में भी किया जाता है।

## खबर संक्षेप

### शराब पीने का साधन उपलब्ध कराने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम गढ़सिवनी के स्टैंड के पास ठेले में लोगों को शराब पीने-पिलाने साधन उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गई। तुमगांव पुलिस ने आरोपी चोवाराम साहू पिता बेदराम साहू (29 साल) वार्ड नं. 3 यादवपारा गढ़सिवनी के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

### महिला से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम बैतारी में एक महिला के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थी भारत ने बताया कि 13 मई को घर में उसकी भाभी बांधवी प्रधान द्वारा शाम करीबन 5.30 बजे आपसी कहासुनी के बाद मां देवमति प्रधान के साथ गाली गलौज कर मारपीट की गई। सरायपाली पुलिस ने धारा 296,115(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मेधावी अजा छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 1 जून को

**महासमुंद।** अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी छात्रों को गुणवत्ता पूर्ण आवासीय शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा एसएचआरई एसएचटीए (स्कीम ऑफ रेजिडेंशियल एजुकेशन फॉर स्टूडेंट्स इन हाई स्कूल इन टार्गेटेड एरिया) योजना लागू की गई है। इस योजना के अंतर्गत चयनित छात्रों को देश के सर्वश्रेष्ठ निजी आवासीय विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा का आयोजन रविवार 1 जून 2025 को किया जाएगा। परीक्षा का समय दोपहर 02 बजे से शाम 05 बजे तक रहेगा। यह परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के माध्यम से आयोजित की जाएगी। प्रवेश पत्र 25 मई 2025 से डाउनलोड किया जा सकता है।

## पेज 9 के शेष

### स्टालों से कई ...

लौट आए तथा प्रदेश शासन को कोसते हुए नजर आए। 15 मई को सुशासन तिहार के शिविर में निराकृत प्राप्त आंकड़ों के अनुसार नगर पालिका परिषद सिमगा के प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 179, सीसी रोड निर्माण के 22, पेयजल से संबंधित 15 एवं अन्य 110 मांगों का निराकरण होना बताया गया है। वहीं आदिवासी विकास विभाग के 5, विद्युत विभाग के 8, महिला एवं बाल विकास विभाग के 31 एवं कृषि विभाग के 4, स्वास्थ्य विभाग के 85, शुगर, बीपी, टेस्ट 3, नेत्र रोग टेस्ट तथा आयुष्मान कार्ड से संबंधित 3, मांगों का निराकरण होना बताया गया है। उक्त समाधान शिविर में प्रमुख रुप से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिमगा अंशुल वर्मा, तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, हरदीप सिंह भाटिया अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सिमगा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुलेश्वर सार्वा, पार्षद एवं अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित थे।

### मनोविकास केंद्र में ..

बालक शंकर की ढोलक वादन प्रतिभा से प्रभावित होकर उन्हें नया ढोलक देने के भी निर्देश दिये। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मनोविकास केंद्र का बेहतर संचालन किया जा रहा है। इस प्रकार के केंद्र सभी जिलों एवं विकासखंडो में भी संचालित करने की आवश्यकता है। उल्लेखनीय है कि बलौदाबाजार स्थित मनोविकास केंद्र विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास और पुनर्वास के लिए समर्पित संस्थान है। यह केंद्र जनवरी 2025 से सीएसआर मद से संचालित हो रहा है और वर्तमान में 40 से अधिक बच्चों को विशेष शिक्षा, चिकित्सा सहायता, व्यावसायिक प्रशिक्षण और समग्र विकास की सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुश्री इंदु जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े एवं प्रमोद शर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### सुशासन तिहार : प्रभारी मंत्री जायसवाल ने हम होंगे कामयाब अंतर्गत 30 युवाओं क़ो वितरित किए नियुक्ति पत्र

# जनता की समस्याओं का गंभीरता से हो समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार के तीसरे चरण अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में शामिल होने जिले के प्रभारी एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शुक्रवार को बलौदाबाजार पहुंचे। उन्होंने बलौदाबाजार विकासखंड के क्लस्टर ग्राम पंचायत पनगांव में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर समाधान शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर हम होंगे कामयाब अंतर्गत 30 युवाओं क़ो विभिन्न कंपनियों में रोजगार हेतु नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत 1687 हितग्राहियों क़ो सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, जांजगीर-चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार डेढ़ वर्ष में हर वर्ग के लोगों के लिए काम किया है, जिससे प्रदेश में विकास स्पष्ट दिख रहा है। सरकार के काम और योजनाओं की पहुंच जनता तक हो रही है कि नहीं यह पता करने और समस्या का समाधान करने सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। समाधान शिविर में मुख्यमंत्री सहित मंत्री, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, अधिकारी पहुंच रहे हैं और लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं।





जिले के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पनगांव समाधान शिविर में हुए शामिल

### सभी आवेदनों का निराकरण हो

उन्होंने कहा कि लोगों ने जो आवेदन दिया है, उन सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण कराएं इसके साथ ही समाधान शिविर में जो भी समस्या लेकर आते हैं, उनका गंभीरता से समाधान किया जाए। उन्होंने पिछले डेढ़ साल में सरकार के कार्यों और उपलब्धियों को रेखांकित किया। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि हमारी सरकार जनता का काम कर रही है, इसीलिए जनता के पास पहुंच कर उनके सवालों का जवाब दे रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी योजना बनाते हैं, जिसे प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मंत्रीगणों के माध्यम से धरातल पर क्रियान्वयन कराते हैं।



### विभिन्न योजनाओं के तहत 1687 हितग्राही हुए लाभन्वित

सुशासन तिहार जनता की परेशानी क़ो दूर करने का माध्यम है। कार्यक्रम क़ो जांजगीर-चाम्पा सांसद कमलेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि पनगांव समाधान शिविर में पनगांव, मगरचबा, चरौटी, परसाभदेर, पहन्दा, लिमाही, कोकड़ी,खम्हरिया, बिटकुली, धनगांव के लोग शामिल हुए। क्लस्टर अंतर्गत कुल 3597 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 3568 मांग एवं 29 शिकायत से सबंधित हैं। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार में जिले क़ो 2 लाख 39 हजार 172 आवेदन मिले हैं, जिसमें से 2 लाख 37 हजार 478 आवेदन का निराकरण कर लिया है, जो लगभग 97 प्रतिशत है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, उपाध्यक्ष सुमन वर्मा, जिला पंचायत सदस्य सुश्री इंदु जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े एवं प्रमोद शर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# नए बस स्टैंड में यात्रियों को मिलेगी सभी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत नगर में विकास कार्यों को लेकर जन सामान्य के मध्य भ्रम की स्थिति निर्मित की जा रही है, जो की उचित नहीं है। नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने जारी बयान में कहा कि पिपरहा तालाब के समीप का पैठू पूर्व बहुत बड़ा था, इसके आसपास भारी मात्रा में अतिक्रमण होने से वर्तमान में पैठू के स्थान पर एक डबरी नुमा गड्ढा रह गया है जिस पर गन्दा पानी भरा रहता है व घरों के नाली का निस्तारी पानी के जमा होने से आसपास का वातावरण प्रदूषण युक्त रहता है। साथ ही मच्छर एवं गंदगी पनप रही है, जिससे आसपास के वार्ड वासियों को बदबू एवं प्रदूषित वातावरण में रहने मजबूर होना पड़ता है। इससे कभी भी गंभीर बीमारी पनप सकती है। इस पर विचार करते हुए तालाब खनन की मिट्टी से उक्त डबरी को पाटने के लिए मोहल्ले वासियों द्वारा ही किये गई मांग के अनुरूप ही उक्त कार्य



किया जा रहा है। इसके साथ ही उक्त पैठू भूमि पर मोहल्ले वासियों के लिए छट्ठी, जन्मदिन व मोहल्ले में मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सामुदायिक भवन के निर्माण की भी मांग लिखित में की गई है। इसलिए उक्त पैठू नुमा गड्ढे को मिट्टी से भरा जा रहा था, नया बस स्टैंड में व्यावसायिक परिसर निर्माण के आरोपो को भी खारिज करते हुए अशोक जैन अध्यक्ष नगरपालिका ने कहा कि स्थानीय नया बस स्टैंड के सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास के कार्य कराए जाने के लिए कार्य योजना तैयार की गई थी। यात्रियों के लिए लाइटों व पेयजल की सुविधा बैठने की व्यवस्था रहेगी व नया बस स्टैंड में यात्रियों की सुविधा में कोई कमी नहीं होगी, बल्कि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके, इस दिशा में अच्छी सोंच रखते हुए वर्तमान परिषद कार्य कर रही है।

- नपा अध्यक्ष ने कहा - वार्ड वासियों की मांग के अनुरुप जनहित में किया जा रहा कार्य

### नपा के निर्माण कार्यों में कोई समझौता नहीं

नगर पालिका परिषद के द्वारा वर्तमान कार्यकाल में जन सामान्य को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी व निर्माण कार्यों में कोई समझौता नहीं करते हुए गुणवत्ता पूर्वक कार्य जन सामान्य को देखने को मिलेगा जो जनहित के कार्य होंगे। साथ ही जन सामान्य की इच्छाओं के अनुरूप होगा व सभी की मंशा के अनुरूप कार्य करने की बात कही गई। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय पिपरहा तालाब गहरीकरण, धोबी तालाब गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण के साथ ही नगर के अन्य तालाबों के सौंदर्यीकरण व कुंओं की भी सफाई कराई जाएगी व रामसागर तालाब के भी सौंदर्यीकरण व सफाई के कार्यों को आगामी कार्य योजना में प्रस्तावित कर किये जाने की बात कही गई।

# लखपति दीदी को मिला प्रमाण पत्र और किसानों को ऋण पुस्तिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के तहत जनपद पंचायत सिमगा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत केसदा में शुक्रवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमित दुबे ग्राम केसदा क्लस्टर अंतर्गत आने वाले 10 ग्राम पंचायत जिसमें औरेठी, डोंगरिया, झिरीया, कामता, केसदा, लांजा, पौंसरी, रिंगनी, बिनैका, एवं नवागांव से प्राप्त आवेदनों जिसमें मांग व शिकायतों का प्रतिवेदन का वाचन किया। तत्पश्चात शिविर में उपस्थित विभागावार प्राप्त मांग, शिकायत के निराकरण को विभागीय अधिकारियों द्वारा विस्तार पूर्वक जानकारी दी। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं पूर्ण हुए आवास के लिए प्रतिकात्मक चाबी सौंपी गई। बिहान योजना अंतर्गत लखपति दीदी को प्रमाण पत्र वितरण राजस्व विभाग द्वारा कृषकों को निःशुल्क भू-अधिकार पुस्तिका का वितरण किया गया। इसी प्रकार मत्स्य विभाग द्वारा आइस बाक्स एवं मछली जाल का वितरण मछुआ समूह के हितग्राहियों को किया गया। जल संचयन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला समूह के सदस्यों को सुशासन मित्र के रूप में प्रमाण पत्र टोपी एवं टी शर्ट वितरण किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल पांडे, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, जनपद दौलत पाल, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य दिप्ती गोविंद शर्मा एवं शशि आनंद बंजारे, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे, सरपंच शिवलाल एवं पंच गण सहित ग्रामीण जन तथा सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त शिविर में विद्युत विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, पुलिस विभाग, जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, पशुपालन, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व, लोकनिर्माण विभाग, पीएचई, श्रम विभाग, समाज कल्याण, सहकारिता, स्कूल शिक्षा विभाग, उद्यानिकी, स्वास्थ्य, आबकारी, एवं आयुष विभाग के स्टाल लगे थे।

- केसदा के सुशासन तिहार में सभी 3254 आवेदनों निराकरण





# भाजपा ने बूथ स्तर पर मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** ग्राम गुमा के बूथ क्रमांक 276 एवं 277 में भाजपा का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूपेंद्र शंकर सेन तथा प्रभारी अनुप साहू की उपस्थिति रही। बूथ अध्यक्षों एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं की सहभागिता से कार्यक्रम को गरिमा मिली।

समारोह के दौरान 8 मार्च से 14 मार्च तक सेवा सप्ताह मनाने की जानकारी दी गई, जिसमें भाजपा कार्यकर्ता नौ बिंदुओं पर आधारित सेवाभाव से जनकल्याणकारी कार्यों में संलग्न रहेंगे।



इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि होमेश साहू, रामनाथ वर्मा, मोहन यादव, राजू यादव, भागवत यादव, धरम यदु, राजेश ध्रुव, केशव सेन, मोनू सेन, विक्की वर्मा, सोनू साहू सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी अनुप साहू एवं मुख्य अतिथि भूपेंद्र शंकर सेन ने भाजपा की विकास यात्रा, संगठन की मजबूती एवं जनसेवा के संकल्पों पर प्रकाश डाला तथा कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया कि वे समर्पण भाव से पार्टी के लक्ष्यों को जन-जन तक पहुंचाएं।

# वन संगोष्ठी में बताया गया पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन का महत्व





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

विकासखंड पलारी अंतर्गत महानदी के तट पर स्थित ग्राम धमनी के वन विश्राम गृह में गुरुवार क़ो वन प्रबंधन समिति एंव ग्राम पंचायत के साथ वन जन संगोष्ठी क़ा आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वनमंडलाधिकारी गणवीर धम्मशील सहित वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए। संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन पर जोर देते हुए प्लास्टिक व पॉलीथिन के उपयोग नहीं करने पर जोर दिया गया। संगोष्ठी में अधिकारियों ने वन की सुरक्षा, पेड़ की सुरक्षा सहित वन क़ो प्लास्टिक मुक्त करने के सम्बन्ध में जानकारी दी। इसके साथ ही वीट प्रभारी मनबोधन टंडन द्वारा वन परिसर धमनी परिवृत रोहासी अंतर्गत की जानकारी दी। वन जन संगोष्ठी में ग्राम पंचायत धमनी के सरपंच हरदयाल पैकरा, उपसरपंच मिनेद्र कुमार यादव, जनपद सदस्य चंद्र कुमार पैकरा, राम नारायण यादव, अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति वन परिक्षेत्र अधिकारी उषा ठाकुर उपस्थित थीं।

### व्यापारियों को कचरा एकत्रित रखने व कचरा गाड़ी में डालने दिए निर्देश

# नगर के बाजार क्षेत्र में चला सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्डों में सघन सफाई अभियान के तहत बाजार क्षेत्र में सफाई अभियान चलाते हुए वार्ड 10 स्थित सब्जी बाजार, केडिया व्यापार विहार, मवेशी बाजार क्षेत्र, वार्ड 13 एवं 14 के क्षेत्र मस्जिद परिसर एवं मणि कंचन केंद्र के आसपास सघन सफाई अभियान के माध्यम से स्वच्छता का कार्य किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप सफाई कार्य को गति प्रदान की गई। इस दौरान सफाई विभाग की टीम के साथ स्वयं उपस्थित रहकर कार्य की निगरानी करते हुए सफाई कार्य कराया गया।



नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई द्वारा सफाई अभियान के दौरान किये जा रहे सफाई कार्यों का निरीक्षण भी किया गया। सब्जी विक्रेताओं को सब्जी का बचत कचरा को निर्धारित स्थल पर एकत्रित कर रखने के साथ ही कचरा गाड़ी आने पर उसे देने व दुकानों को व्यवस्थित स्थान पर लगाने की समझाईश दी गई। चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान व सघन रूप से सफाई कार्य के लिए स्वकक्षता निरीक्षक मनोज कश्यप द्वारा सफाई कार्यों का सतत रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान भी सफाई कार्यों में प्रयुक्त संसाधन जुटाकर सफाई अभियान में स्वच्छता श्रमिकों से कार्य कराया गया। स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत चलाए जा रहे सफाई कार्यक्रम के दौरान पार्षद जितेंद्र डड़सेना (जेके), आदित्य गुप्ता, चंद्रशेखर गुप्ता, सुरेश घृतलहरे, सफाई सुपरवाइजर समीम खान, विजय पाडे, हितेश वर्मा, ट्रैक्टर वाहन चालक, जेसीबी चालक वाहन के साथ कार्य पर उपस्थित थे। वह सी एसआर से रखे गए 20 सफाई कर्मचारियों की टीम ने स्वच्छता के कार्य में संलग्न रहकर कार्य किया।

### सब्जी बेचने में पॉलीथिन का उपयोग न करे व्यापारी

साथ ही सब्जी के लिए प्रतिबंधित पॉलीथिन में ग्राहकों को सब्जी नहीं दिए जाने भी कहा गया व दुकान को चबूतरा में लगाने के भी निर्देश दिए गए। सघन सफाई अभियान के अंतर्गत जन समान्य की भी जिम्मेदारी होती है कि वह शासन की स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जागरुक रहे व अनावश्यक गंदगी व प्रदूषण ना फैलाएं जिससे नगर को साफ एवं स्वच्छ रखने में मदद मिल सके और यह जिम्मेदारी प्रत्येक नागरिक की है।

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई 10वीं में रेणु ने हासिल किए 86 प्रतिशत अंक



**हिरमी-रावन।** ग्राम पंचायत हिरमी निवासी ललित-टाकेश्वरी साहू की सुपुत्री रेणु साहू ने सीबीएसई 10वीं में 86 प्रतिशत अंक लाकर अपने परिवार एवं गांव का नाम रोशन किया। रेणु ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों और माता-पिता को दिया। पूर्व सरपंच प्रतिनिधि रवि अनंत ने कहा हमारे गांव एवं समाज के लिए गौरव की बात है कि गांव की छात्रा ने समाज परिवार का मान बढ़ाया है। स्कूल के शिक्षकों ने रेणु को बधाई दी। इसके अलावा डॉ. जीपी साहू, पीआर वर्मा, दिलेश्वर मढरिया, तारनदास अनंत सरपंच कुथरौद, अल्कातिमीर उपाध्याय पूर्व जनपद सदस्य, पीकेश जायसवाल, कृष्णा वर्मा, शैल वर्मा, सीमा वर्मा, रमा मढरिया, रेवेन्द्र पूनम साहू सहित अन्य सदस्यों ने भी बधाई दी।

### गिधौरी हायर सेकंडरी का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



**गिधौरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का 83.5 प्रतिशत रहा। इस वर्ष भी बोर्ड परीक्षा में छात्राओं ने ही बाजी मारी कक्षा दसवीं में कुमारी विद्या पटेल ने 90 अंक प्रतिशत प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कुमारी नंदिनी निराला ने 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान। संगीता वर्मा 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में मंजुला पटेल 82 प्रतिशत प्रथम, दीपिका 77 प्रतिशत द्वितीय एवं तृतीय प्रीति वर्मा एवं कुमारी कंचन वर्मा 75 प्रतिशत अंक प्राप्त की।

### बोर्ड परीक्षा में पुष्पेंद्र ने हासिल किए 92.5 प्रतिशत अंक



**कसडोल।** नगर पंचायत के वार्ड 8 निवासी एवं समाजसेवी फागुलाल साहू के पुत्र पुष्पेंद्र साहू आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 92.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुष्पेंद्र के इस सफलता पर नगर साहू संघ के संरक्षक एवं यूथ क्लब समिति के अध्यक्ष गुनीराम साहू ने बधाई दी। साहू ने कहा कि पुष्पेंद्र साहू जैसे प्रतिभाशाली विद्यार्थी हमारे नगर की शान है, जो हमारे आने वाले पीढ़ी के लिए प्रेरणा मिलेगी। मीडिया से चर्चा के दौरान पुष्पेंद्र साहू ने कहा इस कामयामी में मेरे पिता फागुलाल साहू और माता सुनीता साहू का सराहनीय योगदान है। इस सफलता पर शिक्षकों और नगरवासियों ने बधाई दी।

### रामकुमार मेहर को दी गई भावभीनी विदाई

**महासमुंद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर भवन के सभाकक्ष में सह स्टाफ एवं अधिकार मित्रों द्वारा विदाई सामारोह आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहायक ग्रेड दो पर पदस्थ रामकुमार मेहर को उनके स्थानातांरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला धमतरी होने पर आरक्षी केंद्रों में पदस्थ अधिकार मित्रों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई।

# पिता व भाई की पुण्यतिथि पर समाजसेवी ने शुरू की निःशुल्क चिकित्सा सेवा

## गांव के असहाय व गरीब मरीजों को मिलेगा अस्पताल तक पहुंचने का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी-रावन

सिमगा ब्लॉक के ग्राम मोहरा निवासी समाजसेवी सनत कुमार वर्मा ने अपने पिता स्व. भागीरथी वर्मा एवं भाई स्व. संतोष वर्मा की पुण्यतिथि निःशुल्क चिकित्सा वाहन सेवा की शुरुआत की है। इस सेवा के माध्यम से ग्राम मोहरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब, असहाय व बीमार व्यक्तियों को अस्पताल तक पहुंचने के लिए निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस सेवा का शुभारंभ ग्राम मोहरा स्थित प्राचीन चितावर धाम मंदिर में पूजा-अर्चना कर की गई। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जवाहरलाल वर्मा की उपस्थिति में विधिवत पूजा कर वाहन को समाज सेवा हेतु समर्पित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, समाजसेवी तथा परिवारजन उपस्थित रहे। सनत वर्मा ने बताया कि यह सेवा उनके दिवंगत पिता एवं भाई की स्मृति में शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण अंचलों में इलाज हेतु परिवहन सुविधा की कमी को दूर करना है। उन्होंने कहा कि कई बार बीमार व्यक्ति समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते जिससे उनकी स्थिति और गंभीर हो जाती है। यह सेवा इसी समस्या का समाधान है। निःशुल्क चिकित्सा वाहन सेवा प्राथमिक रूप से ग्राम मोहरा के साथ-साथ मुसवाडीह, भालेसुर, बरडीहा, हिरमी एवं अन्य समीपवर्ती गांवों के लिए संचालित की जाएगी।



### ग्रामीणजनों को मिलेगा सेवा का लाभ

ग्रामीणजन किसी भी समय इस सेवा का लाभ उठाने संपर्क कर सकते हैं। वाहन में प्राथमिक उपचार की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि आपातकाल में तत्काल राहत मिल सके। शुभारंभ अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि जवाहरलाल वर्मा ने कहा कि यह सेवा समाज के उन वर्गों के लिए वरदान सिद्ध होगी, जो परिवहन की सुविधा न होने के कारण सही समय पर इलाज से वंचित रह जाते हैं। उन्होंने सनत वर्मा के इस कार्य को प्रेरणास्पद बताया और अन्य युवाओं से भी समाजसेवा के ऐसे कार्यों में भाग लेने का आग्रह किया। ग्रामवासियों ने भी इस सेवा का स्वागत करते हुए इसे एक मानवीय पहल बताया। सभी ने कहा कि यह सेवा स्व. भागीरथी वर्मा एवं स्व. संतोष वर्मा की पुण्य स्मृति को सार्थक बनाते हुए समाज में एक नई दिशा देने का कार्य करेगी।

## तिहार : सैकड़ों नगरवासियों ने शिविर में लिया लाभ, मिली योजनाओं की जानकारी

# समाधान शिविर में बांटे गए राशन कार्ड, ऋण पुस्तिका और बुजुर्गों का हुआ पेंशन पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

सुशासन तिहार के दूसरे चरण के तहत शुक्रवार को नगर पंचायत लवन के बाबा गुरु घासीदास सांस्कृतिक भवन में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य रूप नगर पंचायत अध्यक्ष शिव मंगल चौहान, उपाध्यक्ष नरेंद साहू, पार्षद अयोध्या जयसवाल, ओम प्रकाश साहू, हरप्रसाद बार्वे, भावेश तिवारी द्वारा हितग्राहियों को राशन कार्ड, किसानों को ऋण पुस्तिका और बुजुर्गों का पेंशन पंजीयन किया गया। शिविर स्थानीय पंकज अग्रवाल, योगेश साहू, मनोज पाण्डेय, राजेन्द्र दुबे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रणव प्रधान, राजस्व विभाग से पटवारी सिन्हा, नूतन गंधर्व, पुलिस विभाग से एएसआई मालिक, अजय बंजारे, खाद्य विभाग से रवि ठाकुर, राकेश साहू, राजेश वर्मा, महिला बाल विकास, श्रम विभाग,अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग, स्वस्थ्य विभाग, बिजली विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सहित सैकड़ों नगरवासी उपस्थित थे।



### स्वच्छता चौपाल में शामिल हुए ग्रामीण

**रवान।** ग्राम पंचायत भद्रापाली में स्वच्छता सप्ताह के तृतीय दिवस में ग्राम पंचायत में स्वच्छता संबंधी चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपसरपंच दुलेश्वर वर्मा, सचिव भूषण वर्मा ,रोजगार सहायक गोपी पटेल सभी पंच रोमनाथ, निखिल, राजेश,संतोषी, सरस्वती दास,लोकेश्वरी, उर्मिला, गुलाब बाई ग्राम सदस्य किरण, राहुल, सोहन, रूपेंद्र स्वच्छता समिति सभी महिला सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



### सुशासन तिहार पर गैतरा में लगी संध्या चौपाल



**संडी बंगला।** सुशासन तिहार विकासखंड पलारी के ग्राम पंचायत गैतरा में गुरुवार को आयोजित किया गया। सुशासन तिहार के संध्या चौपाल में लोगों के द्वार तक प्रशासन की पहुंच हो और योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राही को मिले यही उद्देश्य है। जनपद सदस्य कृष्णा आजाद ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित हो रहे समाधान शिविर से जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी स्वयं जनता के पास आ रहे हैं और उनकी समस्या का समाधान कर रहे हैं। इस अवसर पर सरपंच धनेश्वरी राम, गोपाल साहू उपसरपंच, दिलेश्वरी मांडले, रजनीकांत बंजारे, युवराज अग्रवाल, बलराम राठौर, रोहित श्रेय सरपंच प्रतिनिधि हरिनभट्टा, कुमार मारकंडे, तुकेश्वर साहू, उदय साहू एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### सुशासन तिहार के संध्या चौपाल में शामिल हुए पूर्व मंडल अध्यक्ष महेंद्र



**भवानीपुर।** प्रदेश सरकार के सुशासन तिहार के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में आयोजित संध्या चौपाल कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष महेन्द्र साहू शामिल हुए। ग्राम गिर्रा, सिसदेवरी, वटगन, जर्वे के संध्या चौपाल में पूर्व मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर आम जनता के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने का काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि, समर्थन मूल्य पर धान खरीदी, महतारी वंदन योजना लोगों को मजबूत एवं संबल बना रही हैं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं का निदान त्वरित होना चाहिये। उनका आवेदन फाइलों में ही दबकर ना रह जाये।




उपस्थित अधिकारियों ने अपने विभाग की जानकारी भी प्रदान की। वटगन में जनपद अध्यक्ष सविता यादव, जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे एवं मंडल अध्यक्ष विजय कोसले ने भी सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर जनपद सदस्य उमेश यदु, टिकेश्वरी वर्मा, कृतराम वर्मा, जयभारत कन्नौजे, पंचराम वर्मा, बाबूलाल बंजारे, भीम यादव, खिलेश्वर धृतलहरे, पंचराम सायतोड़े, प्रेमलाल फेकर, यशवंत तिवारी, नंदू चंद्राकर, मदन साहू, कैलाश चंद्राकर, मुटाना ध्रुव, ललित यादव, विशाल चंद्राकर, फेरहा साहू, खिलेश्वर ध्रुव, मुन्नी वर्मा, जगत फेकर, भगत वर्मा, तरुण वर्मा, थानेश्वर वर्मा, जीडी कोशले सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### जप अध्यक्ष सहित जनप्रतिनिधियों ने की कलेक्टर से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

कलेक्टर दीपक सोनी से जनपद पंचायत की अध्यक्ष कुसुम पैकरा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में जनपद सदस्य देवसिंग यादव, पुष्कर नायक एवं राजादेवरी के सरपंच प्रतिनिधि कबीर खान शामिल थे। प्रतिनिधियों ने ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए इन कार्यों में आ रही विभिन्न अड़चनों को दूर करने की मांग की। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट की गंभीर समस्या को लेकर भी कलेक्टर का ध्यान आकर्षित किया और शीघ्र समाधान की अपेक्षा जताई।कलेक्टर दीपक सोनी ने प्रतिनिधियों की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि विकास कार्यों को गति देने आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। साथ ही जल समस्या के निराकरण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश देने की बात कही। प्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन के सहयोग से पंचायतों में विकास की गति और तेज होगी तथा जनता को मूलभूत सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

### पेंशनरों को भी मिलेगा तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता का लाभ

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश के पेंशनरों को तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता एक मार्च 2025 से देने का आदेश दिया है, जिससे पेंशनरों में देर से आदेश होने पर भी उत्साह है। अब प्रदेश के पेंशनरों को 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलेगा। शेष दो प्रतिशत जो केन्द्र सरकार के समान देय है उसे शीघ्र मांग हेतु शासन से पेंशनर्स समाज द्वारा मांग की गई है जो शासन द्वारा आदेश जारी करने की अपेक्षा की गई है।

छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज तहसील शाखा अध्यक्ष गोपालदास पड़गार, संरक्षक सीताराम यादव, महासचिव अंबिका प्रसाद वर्मा, सलाहकार भुपेन्द्र नायक, उपाध्यक्ष नंदकुमार भास्कर, महेश वर्मा, सचिव हरिशचंद्र देवांगन, सहसचिव सुरेन्द्र कुमार वर्मा आदि ने उक्त कार्य को क्रियान्वयन कराने में प्रांताध्यक्ष चेतन भारती को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## स्वामी आत्मानंद में लाटरी से हुआ विद्यार्थियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

यहां के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में शुक्रवार को सत्र 2025–26 में प्रवेश के लिए लाटरी निकाली गई। कक्षा 1 से 8 वी तक की रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा।

लॉटरी के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों की संख्या कक्षा 1 ली में 48, कक्षा 2 री में 2, कक्षा 3 री में 7, कक्षा 4 थी में 6, कक्षा 5 वी में 2, कक्षा 6 वी में 5, कक्षा 7 वी 3, कक्षा 8 वी में 7 विद्यार्थी का चयन पालको और अथितियों के बीच बच्चों द्वारा बारी-बारी से लाटरी निकालकर किया गया।




कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी रहे। अध्यक्षता सतीश माहेश्वरी एबीईओ, अमित वर्मा एसएमडीसी अध्यक्ष, भानु ध्रुव संकुल समन्वयक तथा विद्यालय के प्राचार्य ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न हुई।

## माध्यमिक शाला में शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

डीजी दुनिया आईसीटी योजना के तहत शिक्षक प्रशिक्षण स्थल पूर्व माध्यमिक शाला खरोरा में 16 से 24 मई तक कार्यशाला आयोजित की जा रही है।

योजना अंतर्गत आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लासरूम का उपयोग नियमित अध्ययन-अध्यापन किए जाने व शिक्षा में आधुनिक तकनीक का उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने की दिशा में इन संसाधनों के सार्थक उपयोग को प्रभावी बनाना इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर अमर बर्मन द्वारा डिजिटल क्लासरूम को संचालित किए जाने की संपूर्ण प्रक्रिया से भली भांति अवगत कराया गया।





जैसे प्रोजेक्टर से लर्निंग मटेरियल एलएमएस(एमबीडी) के माध्यम से डिजिटल क्लास का उपयोग करना, टीचर्स शिक्षक आईडी का निर्माण करना, प्रोजेक्टर को चालू करने की प्रारंभिक विधि, से लेकर अनेक विषयों में प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में शिक्षकों के कौशल जानकारी के लिए प्री असेसमेंट एवं पोस्ट असेसमेंट परीक्षा भी ऑनलाइन ली जा रही है। इस प्रशिक्षण में तिल्दा ब्लॉक अंतर्गत प्रस्तावित समस्त शासकीय विद्यालय के शिक्षकों के प्रशिक्षण में उपस्थिति रही। इस कार्यशाला का समुचित व्यवस्था एवं नियमित मॉनिटरिंग प्रशिक्षण स्थल केंद्र प्रधानपाठक सुश्री सुशीला वर्मा द्वारा किया जा रहा है।

## किसी भी प्रकार की परेशानी आने पर ग्रामीण यहां करते हैं पूजा-अर्चना

# डूमर दाई पेड़ है प्रकृति, धर्म और संस्कृति का अद्भुत संगम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

ग्राम सुहेला में स्थित डूमर दाई एक प्राचीन व विशाल वृक्ष है, जिसकी आयु 100 वर्षों से अधिक मानी जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि इस वृक्ष को ग्रामीण डूमरदाई माता का निवास मानते हैं और इसकी पूजा अत्यंत श्रद्धा से करते हैं। मान्यता है कि चूड़ी, मुर्रा और चना से बना प्रसाद बांस के बने पात्र में डालकर अर्पित किया जाता है। यदि कोई नवजात शिशु अत्यधिक रोता है, तो यहां पर नाम से विधि पूर्वक पूजा कर श्रीफल, काली चूड़ी और प्रसाद चढ़ाने से वह शांत हो जाता है। ग्रामीणों की इस गहन श्रद्धा और परंपरा ने डूमर दाई को एक आस्था का केंद्र बना दिया है, जहां प्रकृति, धर्म और संस्कृति का अद्भुत संगम देखा जा सकता है।

### डूमर की लकड़ी से बनाया जाता है विवाह का पीढ़ा

गांव में विवाह समारोह के दौरान जब दूल्हा या दुल्हन को हल्दी-तेल चढ़ाया जाता है, तब उनके बैठने के लिए जो पीढ़ा बनता है जिसे मंगरोहन कहा जाता है, वह डूमर की लकड़ी से ही तैयार किया जाता है। गांव में यह कार्य ध्रुव समाज के लोग करते हैं। चूरमाती जाकर पूजा पाठ कर घर लाते हैं तथा अति पर्व के दिन इस वृक्ष को विशेष रूप से पूजित किया जाता है और धान चढ़ाकर अच्छी फसल की कामना की जाती है। दीपावली के समय ग्रामीण यहां दीपक जलाकर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त करते हैं।

### इस पेड़ को शुभ मानते हैं ग्रामीण

ग्राम के रमेश ध्रुव ने बताया कि चूलमाटी के समय बाजे गाजे के साथ नाचते गाते लोग घर में आते हैं तथा विधि पूर्वकों से पूजा पाठ करके लकड़ी का जो पात्र जो डूमर वृक्ष से बना होता है, उसे दिया जाता है जिसे मंगरोहन कहा जाता है। यह परंपरा हमारे पूर्वजों से चली आ रही है, जिसका निर्वहन हम आज भी कर रहे हैं। विवाह के मंडप पर पंडित जी सबसे पहले इसकी पूजा करते हैं। उसके बाद उसी के ऊपर दूल्हा या दुल्हन को बैठाकर हल्दी लेपन किया जाता है जिसे तेल चढ़ाना भी कहा जाता है, जो की अत्यंत शुभ माना जाता है।

